## मोदी व हसीना ने नई ट्रेन सेवा को दिखाई हरी झंडी

ढाका, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना ने गुरुवार को कोलकाता और बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिम औद्योगिक शहर खुलना के बीच एक नई यात्री ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया। बता दें कि दोनों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये इसकी शुरुआत की। इस दौरान पीएम मोदी, हसीना व पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने एक साथ ट्रेन के शुभारंभ में हरी झंडी दिखाई। बांग्लादेश रेलवे के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया, ट्रेन का नाम 'बंधन एक्सप्रेस' है। इस दौरान पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा, मैं समझता हूं कि दो पड़ोसी देशों के नेताओं के रिश्ते भी एक पड़ोसी जैसे होने चाहिए। ऐसे में हमें एक दूसरे से बात करने या मिलने के लिए किसी प्रोटोकॉल या बंधन की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए। मैं खुश हूं कि आज हमने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दोनों देशों के रिश्ते को मजबूत करने की योजना का शुभारंभ किया। इसका संचालन 177 किमी लंबे खुलना-कोलकाता रेल मार्ग पर होगा। यात्री 16 नवंबर से इस क्रास कंट्री सेवा का लाभ उठा सकेंगे। ट्रेन दिन में 11 बजे कोलकाता से रवाना होगी और 4:30 घंटे के सफर के बाद खुलना पहुंचेगी।

## बंद करो परमाणु धमकी नहीं तो होगा विनाश

सोल ,(आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बुधवार को एशिया में दिए अपने पहले बड़े भाषण में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग को सीधे चेतावनी देते हुए कहा कि परमाणु उकसावे की लगातार कार्रवाई का परिणाम उत्तर कोरिया का विनाश हो सकता है। ट्रंप ने दक्षिण कोरिया की नैशनल असेंबली में उत्तर कोरिया पर निशाना साधते हुए कहा, जो हथियार आप अपने पास रख रहे हैं, वह सुरक्षित नहीं हैं। ये आपके देश को गंभीर खतरे की तरफ ले जा रहे हैं। जितना ही आप इस अंधेरे पथ की ओर अग्रसर होंगे, आपके लिए उतनी ही मुश्किलें बढ़ेंगी। ट्रंप ने क्रूर तानाशाही और परमाणु दुस्साहस के लिए प्योंगयांग की आलोचना की और कहा कि उत्तर कोरिया को वॉशिंगटन की ताकत को कम करके नहीं आंकना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, यह प्रशासन अमेरिका के पहले के प्रशासन से काफी अलग है। आज जब मैं उत्तर कोरिया को कुछ बोल रहा हूं तो उम्मीद करता हूं कि मैं केवल अपने देश की तरफ से नहीं बोल रहा हूं, बल्कि पूरे सभ्य देशों की ओर से बोल रहा हूं। हमें कमजोर न समझें और हमारी परीक्षा न लें। समाचार एजेंसी योनहप के मुताबिक, ट्रंप ने मजबूती के जरिए शांति के अपने मंत्र को दोहराया और चीन, रूस एवं विश्व से क्रूर शासक को अलग-थलग करने के लिए संयुक्त प्रयास करने का आह्वान किया। ट्रंप ने कहा, विश्व एक दुष्ट शासन को नहीं सह सकता, जो परमाणु हमले की धमकी देता है। सभी जिम्मेदार देशों को उत्तर कोरिया के क्रूर शासन को अलग-थलग करने के लिए एकसाथ काम करना चाहिए। गौरतलब है कि पिछले 24 वर्षों में पहली बार अमेरिका के किसी राष्ट्रपति ने दक्षिण कोरिया की संसद में भाषण दिया है। उन्होंने उत्तर कोरिया की ओर इशारा करते हुए कहा, हम अच्छे भविष्य के लिए ज्यादा अच्छे रास्ते बताएंगे। इसकी शुरुआत आपके शासन के आक्रामक रवैये को छोड़ने, बलिस्टिक मिसाइल के विकास को बंद करने और पूरी तरह से परमाणु मुक्त होने के बाद होगी। ट्रंप पांच देशों की यात्रा के तहत मंगलवार को यहां आए थे। इसके बाद वह चीन, वियतनाम और फिलीपींस की यात्रा भी करेंगे।

## झांसी की रानी महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर वीरांगना मार्च का आयोजन 18 का

रायपुर, (आरएनएस)। अंग्रेजों से लोहा लेकर भारत की आजादी में अतुलनीय योगदान देने वाली वीरता का मार्ग दिखाने वाली शौर्य सहास करूणा देशभक्ति से ओत प्रोत महान वीरांगना झांसी की रानी महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती के अवसर पर मैरीन ड्राइव तेलीबांधा से इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा के मध्य वीरांगना मार्च का आयोजन 18 नवंबर को किया जाएगा। यह जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में छग महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पांडेय ने दी। श्रीमती पांडेय ने पत्रकार वार्ता में बताया कि आजादी की लड़ाई में महारानी लक्ष्मीबाई का योगदान देश की स्वतंत्रता का मूल आधार बना। उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया कि वीरांगना मार्च में स्कूली एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ एनसीसी एनएसएस एवं स्काउड गाइड की सहभागिता होगी। वीरांगना मार्च को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वीरांगना मार्च का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के साथ ही बेटियों में अदम्य साहस शौर्य देशभक्ति एवं आत्मरक्षा की भावना जागृत करना है। उन्होंने बताया कि योग्यता आधार होती है लिंग आधार नहीं होता। व्यक्तित्व निर्माण के लिए अथक मेहनत की जरूरत होती है विधिक जानकारी से अपडेट युवती समाज को बनाने में अग्रणी भूमिका निभाती है। आदि काल से ही कन्या आदि शक्ति का रूप रही है। सृजन का आरंभ ही बेटियों से प्रारंभ हुआ है इसलिए बेटियां देश की ही नहीं वरन विश्व की अनमोल धरोहर है।

# तुलसी गबार्ड डब्ल्यूएचसी 2018 की अध्यक्ष नामित

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी कांग्रेस में पहली हिंदू सांसद तुलसी गबार्ड को अगले साल शिकागो में होने वाली विश्व हिंदू कांग्रेस (डब्ल्यूएचसी) की अध्यक्ष नामित किया गया है। इस महासमारोह के आयोजकों ने आज इस बात की घोषणा की। हर चार साल में एक बार आयोजित होने वाली डब्ल्यूएचसी ऐसा वैश्विक मंच है जहां हिंदू एक दूसरे से जुड़ते हैं, विचार साझा करते हैं, एक दूसरे को प्रेरित करते हैं और सर्वहित को प्रभावित करते हैं। वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन ने पहली कांग्रेस वर्ष 2014 में नयी दिल्ली में आयोजित की थी। दूसरी डब्ल्यूएचसी अगले साल सात से नौ सितंबर को शिकागो के इलिनोइस में होगी। 36 वर्षीय तुलसी ने कहा कि विश्वभर के हिंदू एकजुट होंगे, विचार साझा करेंगे और एक दूसरे को प्रेरित करेंगे ताकि हमारे आस पास समुदायों को सकारात्मक तरीके से प्रभावित करने के तरीके खोजे जा सकें। हवाई से तीन बार कांग्रेस की डेमोक्रेटिक सदस्य चुनी गई तुलसी इस समय हाउस कांग्रेशनल कॉकस की सह अध्यक्ष हैं। तुलसी ने आयोजकों को एक वीडियो संदेश में कहा, विश्वभर में जो भी हो रहा है, ऐसे में प्यार, शांति, सम्मान एवं एकता के संदेश की सख्त जरूरत है। मैं आपके साथ काम करने और आपसे जल्द मुलाकात करने की इच्छुक हूं। डब्ल्यूएचसी के सहआयोजक अभय अस्थाना ने कहा कि आयोजन समिति एक प्रतिष्ठित नेता की तलाश कर रही थी जो साहसी, उच्च सिद्धांतों वाला और प्रगतिशील हो तथा हिंदू धर्म का पालन करता हो। अस्थाना ने कहा, निस्संदेह, उनमें (तुलसी में) ये सभी और इससे भी अधिक गुण हैं। उन्होंने कहा, हम उन्हें टीम में शामिल करके उत्साहित हैं और सफल विश्व हिंदू कांग्रेस 2018 के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के इच्छुक हैं।

## क्षत्रियों ने फूंका दीपिका पादुकोण व भंसाली का पुतला

लखनऊ (आरएनएस)। देश में 'पद्मावती' फिल्म को लेकर फिल्म निर्माता निदेशक संजय लीला भंसाली और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के प्रति लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को राजधानी लखनऊ के विकासनगर इलाके में क्षत्रिय समाज के लोगों ने 'पद्मावती' फिल्म का विरोध करते हुए फिल्म निर्माता-निदेशक संजय लीला भंसाली और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का पुतला फूंका। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल क्षत्रिय समाज के नेता मनोज सिंह चौहान ने कहा कि पैसा कमाने की होड़ में हमारी संस्कृति, हमारी आस्था हमारे इतिहास और हमारे सम्मान से खिलवाड़ करने की फिल्म वालों की करतूत को हम क्षत्रिय कतई सफल नही होने देंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म पदमावती किसी भी हालत में सिनेमा घरों में चलने नहीं दी जायेगी। इस फिल्म का सभी क्षत्रिय संगठन खुलकर विरोध करेंगे। चौहान ने कहा कि आज अगर हम क्षत्रिय एक नहीं हुए तो वह दिन दूर नहीं है कि फिर कोई फिल्म निर्माता यही गलती दोहराएगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से निवेदन है कि वह तत्काल इस फिल्म पर रोक लगाये। ताकि देश में किसी तरह की हिंसा न हो। साथ ही उन्होंने सभी फिल्म निर्माता व निर्देशकों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में क्षत्रिय समाज के किसी भी एतिहासिक महापुरूष के बारे में गलत फिल्मांकन किया तो उसे विरोध का सामना करना होगा।

## भाजपा ने घोषित किए बरेली व फिरोजाबाद के महापौर प्रत्याशी

लखनऊ (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने फिरोजाबाद और बरेली नगर निगम के महापौर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। इसी के साथ पार्टी ने मेयर पद के सभी 16 प्रत्याशी घोषित कर दिए। बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. महेंद्र नाथ पांडेय ने फिरोजाबाद व बरेली से भाजपा महापौर की सूची जारी कर दी। डा पाण्डेय ने बताया कि पार्टी ने बरेली नगर निगम से महापौर प्रत्याशी उमेश गौतम तथा फिरोजाबाद से नूतन राठौर को भाजपा का अधिकृत महापौर प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा के सभी 16 महापौर प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। बता दे कि पार्टी ने लखनऊ से प्रेमा अवस्थी, अलीगढ़ से डॉ. राजीव अग्रवाल, वाराणसी से मृदुला जायसवाल, मथुरा से डॉ. मुकेश आर्य बंधु, झांसी से रामतीर्थ सिंघल, मुरादाबाद से विनोद अग्रवाल, गाजियाबाद से आशा शर्मा, सहारनपुर से संजीव वालिया, इलाहाबाद से अभिलाषा गुप्ता, अयोध्या से रिषीकेश उपाध्याय, गोरखपुर से सीताराम जायसवाल, कानपुर से प्रमिला पाण्डेय, मेरठ से कान्ता कर्दम, आगरा से नवीन जैन को पहले ही पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं आज बरेली से उमेश गौतम और फिरोजाबाद से नूतन राठौर को पार्टी उम्मीदवार घोषित किया है।

## आचार संहिता का कड़ाई से करवाये पालन एस एस पी ने दिये निर्देश

कानपुर (आरएनएस)। निकाय चुनाव के दौरान किस तरह आचार संहिता के नियमों का कड़ाई से पालन करवाना है।इसके लिए एसएसपी अखिलेश कुमार ने माहतहतों के साथ बैठक कर कई निर्देश जारी किये।एसएसपी ने ये साफ तौर पर निर्देश दिये है,कि आचार संहिता का पालन करवाने में किसी तरह की लापरवाही नही किये जाने की शिकायत नही आनी चाहिए। पुलिस लाइन में बुधवार को एसएसपी अखिलेश कुमार ने सभी एसपी,सीओ और थानेदारों के साथ बैठक कर जिले में होने वाले निकाय चुनाव के बारें में कई निर्देश जारी करने के साथ ही अति संवेदनशील और संवेदनशील इलाकों के बारें मे भी जानकारी हासिल करते हुए कई निर्देश दिये।उनका साफ तौर पर कहना था कि आचार संहिता का पालन कड़ाई से करवाया जाए।चाहे वह किसी भी राजनैतिक दल का ही क्यो नही हो।इसके साथ ही गली मोहल्ले में अवैध रुप से लगे बैनर और होर्डिंग को भी जल्द से हटवायें।वहीं एसएसपी ने थानेदारों से लाइसेंसी असलहों जमा करवाने पर भी जोर दिया।

## 90 फीसदी मजदूरों की परेशानियों का सबब बना मोदी का नोटबंदी का फैसला

लखनऊ , (आरएनएस)। 500 और 1000 रुपए की पुरानी नोटों के चलन पर रोक की घोषणा को आज पूरा एक साल हो गया। इसी नोटबंदी के विरोध में विपक्षी दलों ने आज अखिल भारतीय काला दिवस मनाया। राजधानी लखनऊ में नोटबंदी के विरोध में जनता दल (यूनाइटेड) और वामपंथी दलों ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा। राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया कि 08 नवम्बर 2016 को प्रधानमंदी नरेन्द्र मोदी ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए 500 तथा 1000 के नोटों को चलन से बाहर करने का फरमान सुनाया था। यह घोषणा करते हुए पीएम मोदी ने तीन उद्देश्यों का उल्लेख किया था कि इससे देश में काला धन नष्ट होगा, आतंकवादी आर्थिक रूप से असहाय हो जायेंगे तथा देश में नकली नोटों का कारोबार बंद हो जायेगा। ज्ञापन में कहा गया कि देश भर में लोगों का मानना है कि इससे कोई उद्देश्य हासिल नहीं हुआ, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को गहरा झटका लगा है। विमुद्रीकरण की वजह से देश के प्रत्येक नागरिक को भारी कष्ट का सामना करना पड़ा। किसानों से लेकर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले 90 फीसदी मजदूरों को इस फैसले से खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माकपा के राज्य सचिव डा हीरालाल यादव ने कहा कि एक सर्वेक्षण से पता चला है कि 2016-17 के इस सबसे बड़े आर्थिक फैसले ने अर्थव्यवस्था के प्रमुख भागों को गम्भीर रूप से चोट पहुंचायी है। काम करने के बजाय लोग बैंक के आगे कतार में खड़े हो रहे। भीषण सर्दी में लोग कतारबद्ध रहे और रात के दौरान भी बैंकों के बाहर लाइन में कम्बल घर से ले जाकर वहीं सोते थे। इस दौरान कई लोगों ने अपनी जान भी गवाई। कई लोगों से उनका काम छिन गया और मजबूरन उन्हें अपने गांव का रूख करना पड़ा। वहीं भाकपा के राज्य सचिव डा. गिरीश ने कहा कि सरकार ने इस क्रम में अतिरिक्त व्यय किया था और इस प्रक्रिया में 55,000 करोड़ रूपये खर्च हुए। जो पैसे बर्बाद हुए उसका उपयोग देश में गरीब लोगों के लिए किया जा सकता था। कई छोटे और कुटीर कारोबार बंद हुए, जिनका प्रभाव दलितों पर पड़ा एवं उत्पादन तथा देश में करोड़ों लोगों का रोजगार भी प्रभावित हुआ। सरकार गैर-योजनाबद्ध, और अपरिपक्व निर्णय के कारण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई है जो कि तीन साल में सबसे कम है। चूंकि सरकार के इस निर्णय के कारण देश का हर नागरिक विभिन्न तरीकों से परेशान रहा और अब भी समस्या का समाधान नहीं निकला है। प्रतिनिधि मण्डल में जनता दल (यू) के राष्ट्रीय सचिव जुबैर अहमद, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) माकपा के राज्य सचिव डा हीरालाल यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव डा गिरीश शामिल रहे।

## ड्रोन कैमरों की निगरानी में निकाय चुनाव के मतदान होगे

फतेहपुर , (आरएनएस)। नगर निकाय के तीसरे चरण में होने वाले मतदान पर प्रशासन की कड़ी चैकसी रहेगी। 2 नगर पालिका परिषद एवं 5 नगर पंचायतों में मतदान वाले दिन सकुशल सम्पादन के लिये भारी तादात में पुलिस प्रशासन तो तैनात ही रहेगा। साथ ही साथ व्यवस्थाओं की निगरानी ड्रोन कैमरा से भी की जायेगी। इसकी तैयारियां जिला प्रशासन ने करनी शुरू कर दी है। निकाय चुनाव में 29 नवम्बर को यहां नगर पालिका परिषद फतेहपुर, बिन्दकी व नगर पंचायत खागा, किशुनपुर, बहुआ, हथगांव, जहानाबाद में मतदान प्रातः 7:30 से होगा बूथों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे है। स्वयं जिलाधिकारी कुमार प्रशान्त चुनावी प्रक्रिया की मानीटरिंग कर रहे है। वहीं पुलिस अधीक्षक श्रीपर्णा गांगुली ने पुलिस महकमे को तेज कर रखा है। चिन्हित संवेदनशील बूथों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किये जाने की व्यवस्था की गयी है। मतदान के दिन पूरे जिले की सीमाओं पर भी पुलिस की निगरानी रहेगी और चेकपोस्टों पर खाकी का पहरा रहेगा। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में चुनावी व्यवस्थाओं की घूम-घूम कर जायजा लेंगे। निर्वाचन आयोग ने भी चुनावी प्रक्रिया निर्बाध रूप से सम्पन्न कराने के लिये कड़े निर्देश दिये है। यह पहली बार होगा जब मतदान केन्द्रों की निगरानी के लिये ड्रोन कैमरा लगाये जायेंगे, इसकी व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी एसपी आनन्द ने बताया है कि तीनों तहसील क्षेत्रों में बने बूथों पर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जायेगी।

## मोहम्मद बिन सलमान को मजबूत करने की कवायद!

लंदन ,(आरएनएस)। सऊदी अरब में पिछले कुछ दिनों में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग में कई राजकुमारों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार राजकुमार में एशिया का वॉरेन बफेट कहे जाने वाले प्रिंस अल्वालीद बिन तलाल भी शामिल हैं। सऊदी में इन गिरफ्तारियों से पहले लेबनान के प्रधानमंत्री साद हरिरी रियाद पहुंचते हैं और अपने पद से इस्तीफे की घोषणा कर देते हैं। इसके बाद खबर आती है कि फलस्तीन के नेता मोहम्मद अब्बास को रियाद से बुलावा आया है। विश्लेषक इन सभी घटनाक्रम को सऊदी के भावी किंग मोहम्मद बिन सलमान अल सउद को और मजबूत बनाने कि दिशा में उठाया गया कदम मान रहे हैं। इन गिरफ्तारियों को 32 वर्षीय क्राउन प्रिंस सलमान का सऊदी की घरेलू तथा विदेशी नीति में पूरे कंट्रोल के तौर पर देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि भावी किंग सलमान सऊदी में सभी तरह के अधिकारों पर पूरा नियंत्रण करना चाह रहे हैं। कई जानकार इसे उनके लिए एक बड़ा खतरा मान रहे हैं। कुछ का मानना है कि सलमान का यह कदम बिना किसी ताकतवर बाहरी समर्थन के संभव नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने किंग सलमान को फोन कर इन गिरफ्तारियों का समर्थन किया था। ट्रंप के दामाद जे. कशनर ने कुछ दिन पहले रियाद का गुप्त दौरा भी किया था। कहा जा रहा है कि अमेरिका ने इस समर्थन के लिए पूरी कीमत भी वसूली है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या भावी किंग सलमान का यह उदय लगातार जारी रहेगा या फिर उन्होंने सिर्फ अपने विरोधियों को किनारे लगाया है। शाही परिवार के सदस्यों को देश नहीं छोड़ने को कहा गया है। इन कार्रवाईयों के बाद कहा जा रहा है कि भावी किंग सलमान ने देश के चार पिलर शाही फैमिली, बिजनस शेखों, सुरक्षा तंत्र और धर्म पर एकसाथ मजबूत पकड़ बना ली है।

## कोहरा व धुंध के बीच ठंड हुई शुरू

बुढ़ाना ,(आरएनएस)। बुढ़ाना क्षेत्र में बीती देर शाम से ही अब प्रातः साढे दस बजे तक कोहरे व धुंध के चलते जहां एक और ठंड का आगाज शुरु हो गया है वहीं दूसरी और लोगो ने गर्म कपड़े निकालने शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा यही नही बल्कि लोग घरों व विभिन्न दुकानों पर चादर लपेटे चाय की चुस्की लेते नजर आये। अबसे पहले किसी को भी ठण्ड का जरा सा भी अहसास नही था लेकिन दो दिन से लगातार कोहरा जारी है। आज सुबह सुबह जब लोग सोकर घर से बहार निकले तो कस्बा बुढ़ाना व क्षेत्र के हालात बदले बदले से नजर आए क्योंकि आसमान पर तनी कोहरे व धुंध की चादर ने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। कल रात से अचानक आए इस बदलाव से वाहनों को सड़क पर लाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। मौसम के इस तापमान में अचानक गिरावट आने से गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। इससे लोग सुबह कुछ देर तक घरों पर दुबके रहे। दोपहर तक सूरज की तेज रोशनी नहीं पड़ सकी। इसके बाद शाम पांच बजे के बाद से ही फिर हालात सुबह जैसे हो गए। शाम ढलने के बाद तो कोहरे व धुंध के कारण लोगों को थोड़ी दूर तक देखने में मुश्किलें हुईं। आज सुबह आसमान में कोहरे व धुंध के छाने से मौसम में सिहरन बढ़ गई। तड़के पारे का स्तर गिरकर 14 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। कोहरा सुबह 10 बजे तक छाया रहा। इससे रोड पर वाहन लाइट जलाकर बहुत धीमी गति से चले। दोपहर में मामूली धूप निकलने पर पारा 30 डिग्री तक पहुंचा और काफी धुंध भी छंट गई। शाम ढलने के बाद अचानक ठंड बढ़ी तो लोगों को गर्म कपड़े निकालने पड़े। लोग हाफ स्वेटर व सदरी पहने दिखाई पड़े। कुल मिलाकर अब ठंड शरू हो गई है।

## अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का होगा अयोध्या रेलवे स्टेशन

फैजाबाद (आरएनएस)। केन्द्र सरकार द्वारा अयोध्या रेलवे स्टेशन को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेशन बनाने के लिए आवांटित 80 करोड़ की परियोजना को फाइनल टच देने के लिए दिल्ली से राइस कम्पनी के अधिकारियों ने आर्किटेक्ट के साथ अयोध्या स्टेशन पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण पूर्ण करने के बाद टीम लोकसभा कैम्प कार्यालय सहादतगंज पहुंची जहां सांसद लल्लू सिंह से मुलाकात कर उन्हे वस्तु स्थिति से अवगत कराया। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अयोध्या रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यीकरण व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का रेलवे स्टेशन बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने कई योजनाये दी है। इसके लिए स्वयं ने आवाज उठाने से लेकर रेलमंत्री से कई चक्र मुलाकात की गयी है। अयोध्या रेलवे स्टेशन को विकसित करने का खाका तैयार कर लिया गया है जिसपर जल्द कार्य शुरू होगा। इसी परिपेक्ष में निर्माण एजेंसी राइस कम्पनी ने परियोजनाओं को फाइनल टच दिया है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा अभी तक अयोध्या रेलवे स्टेशन उपेक्षित रहा है। केन्द्र में मोदी सरकार बनने के बाद अयोध्या रेलवे स्टेशन को विकसित करने के लिए प्रयास किये जाते रहे। जिसके परिणाम स्वरूप बदलाव शीघ्र दिखाई देगा। इससे यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों के मन में अयोध्या की अच्छी और विकसित तस्वीर जायेगी जिससे यहां पर्यटन व रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि राइस कम्पनी इससे पूर्व जम्मू के कटरा स्टेशन का निर्माण कर चुकी है जो उच्च गुणवक्ता युक्त है व वाराणसी स्टेशन का निर्माण कर रही है।